बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

संविदा के आधार पर कनीय अभियंता (असैनिक) के पद पर अस्थायी नियोजन संबंधी सूचना।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत कनीय अभियंता (असैनिक) के स्थायी रिक्त 288 पदों (UR-85, SC-22, EBC-77, BC-44, WBC-14, EWS-46) के विरूद्ध संविदा पर नियोजन हेतु कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग (सामान्य प्रशासन विभाग) के संकल्प–2401 दिनांक–18.07.2007 के आलोक में वांछित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से Online आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

2. योग्यता/पात्रता :– असैनिक अभियंत्रण में डिप्लोमा योग्यताधारी। [बिहार लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग अवर अभियंत्रण (असैनिक/यांत्रिक) संवर्ग भर्ती (संशोधन) नियमावली, 2018 में निहित शर्तो के अनुसार]।

3. चयन की प्रक्रिया :– www.phed.bih.nic.in पर प्रकाशित विज्ञापन अन्तर्गत मेधा सूची का निर्धारण संबंधी प्रक्रिया के आधार पर।

4. नियोजन की अवधि :– नियोजन की तिथि से अधिकतम एक वर्ष अथवा उक्त स्थायी पदों के विरूद्ध नियमित नियुक्ति होने तक (जो पहले हो) की होगी।

5. उम्र सीमा :– कनीय अभियंता (असैनिक) के लिए चयन के वर्ष की पहली जनवरी, 2019 को न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम अनारक्षित पुरुष के लिए 37 वर्ष, पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरुष/महिला) के लिए 40 वर्ष, अनारक्षित महिला के लिए 40 वर्ष एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 42 वर्ष।

6. Online आवेदन दिनांक–25.09.2020 से दिनांक–15.10.2020 (अपराह्न 5:00 बजे) तक ही स्वीकार किये जायेंगें। निर्धारित समय के उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

7. विभाग विज्ञापन एवं शर्तो को संशोधित/रद्द करने का सर्वाधिकार रखता है।

8. विस्तृत जानकारी एवं Online आवेदन हेतु विभागीय वेबसाइट www.phed.bih.nic.in देखा जा सकता है।

09/09

(राय संजीव सहाय)
मुख्य अभियंता (नागरिक) के
प्रावैधिक सचिव